मंगलवार

34 साल से देहरादून का विश्वास

07 अप्रैल 2026

● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 73
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# 'बंसल का एक्शन, जनता का कनेक्शन'



संवाददाता

देहरादून। दून की 25 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को उनकी ईमानदारी, प्रशासनिक योग्यता, विनम्रता, कर्तव्य निष्ठा की प्रशंसा करते हुए इन्हे देशभक्त सरदार पटेल का उत्तराधिकारी बताया।

आज यहां जिलाधिकारी सविन बंसल को हटाने के खिलाफ बंसल के जनहित के कार्यों की सराहना करते हुए दून की 25 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इनकी ईमानदारी,प्रशासनिक योग्यता, विनम्रता,कर्तव्य निष्ठा की प्रशंसा करते हुए इन्हे देशभक्त सरदार पटेल का उत्तराधिकारी बताया।। नरेशचंद्र कुलाश्री का विचार था की जनहित के मामलों में त्वरित कार्यवाही, जनता दरबार में असहाय वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निवारण,विगत आपदा में राहत कार्यों के लिए दिन-रात एक करना आदि ऐसे जनहित के कार्य हैं जिनके लिए बंसल जैसे अधिकारी को राष्ट्रीय सम्मान दिया जाना जनाकांक्षाओं का प्रतीक होगा।

हरेंद्र सिंह रावत ने जिलाधिकारी के कार्यों को अतुलनीय बताया है। खुशबीर सिंह ने जिलाधिकारी के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की हैं।जसवीर सिंह रेनोत्रा के अनुसार बंसल एक काबिल शानदार व्यक्तित्व और ईमानदारी के प्रतीक है।अवधेश शर्मा ने इनको सामाजिक विकास का एक आईना बताते हुए कहा आम आदमी की आसान पहुंच इन तक हुई है।जीएस बिष्ट के अनुसार बंसल न्याय प्रिय प्रशासक तथा मानवीय गुणों से भरपूर है। ताराचंद गुप्ता का कहना था की बंसल ने अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और लगन से पालन किया है जो पूरी नौकरशाही के लिए उदाहरण है।

डॉ.महावीर सिंह बिष्ट ने इनको ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया और इनके विरोध को जनहित के प्रतिकूल बताया। मेजर आर एस कैंथुरा ने कहा वास्तव में जिलाधिकारी को बंसल जैसा ही होना चाहिए। देवेंद्र पाल मोंटी का कहना था की आमजन की दुख तकलीफों का समाधान करने को तत्पर जिलाधिकारी पर अधिवक्ताओं द्वारा दबाव बनाना अनुचित है। आर एस धुनता ने कहा यह दून की जनता का सौभाग्य है जो ऐसा कर्मठ और ईमानदार अधिकारी मिला जो जनहित की कसौटी पर नेताओं के दबाव में नहीं आता। डॉक्टर महावीर बर्थवाल के शब्दों में बंसल ने अपने कार्यों में सुशासन,पारदर्शिता और जवाबदेही की नई परंपरा शुरू की है,यह संघर्षशील अधिकारी हैं।सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना भी उनकी प्राथमिकता रही है।डा.शैलेंद्र कौशिक ने बताया की बंसल के नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान में तेजी आई और आमजन में शासन प्रशासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

उमेश्वर सिंह रावत ने कहा जिलाधिकारी की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।सुशील सैनी के अनुसार राज्य बनने के बाद एकमात्र जिलाधिकारी बंसल है जिन्होंने आम जन की आवाज और दर्द का एहसास करके इनका समाधान किया है।डॉ अजीत गैरोला का दृष्टिकोण था की बंसल एक समर्पित,ईमानदार अधिकारी हैं,ऐसे अधिकारी को स्वार्थी लोगों के दबाव में हटाया जाता है तो भविष्य में कोई अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति न्याय नहीं कर पाएगा।

डॉ.टी एन जौहर का मंतव्य था की बंसल रात दिन लगातार जनहित में कार्य करते रहे हैं और जनाकांक्षाओं के प्रतीक है 'आंदोलनकारी केशव उनियाल के अनुसारआंदोलनकारी मंच ने इनकी कर्त्तव्यपरायणता के लिए इनका कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की हम हमेशा इनके साथ हैं। मधु त्यागी ने बंसल को ईमानदार जुझारू अधिकारी बताते हुए दून के विकास के लिए इनका बने रहना जरूरी बताया है।संदीप गुप्ता ने कहा जनहित के कार्यों में वर्षों से बैंकों में डंप राइफल फंड को जनहित में खर्च करना दून के इतिहास में पहला साहसिक कदम था।सतीश त्यागी ने बंसल को कर्मठ इमानदार निष्पक्ष अधिकारी बताते हुए नेता द्वारा इनको अपमानित किए जाने पर भी इनका नमस्कार से जवाब देना विनम्रता की निशानी बताया।जगमोहन मेहंदीरता के अनुसार जनता और प्रशासन के बीच ये मजबूत सेतु साबित हुए हैं जिन्होंने न्यायप्रिय और निष्पक्ष रहकर जन समस्याओं का निराकरण किया है। अनुशासन प्रिय रहकर और कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन कराने वाला ऐसा अधिकारी दून को पहली बार मिला है।डॉ.अतुल गुप्ता ने डीएम को ईमानदार अधिकारी बताते हुए कहा बंसल द्वारा लिए गए निर्णय धरातल पर उतरे हैं। आम जन के लिए देवतुल्य हैं।अमरजीत सिंह भाटिया ने डीएम को बहुत ही ईमानदार अधिकारी और सर्वप्रिय बताया। प्रदीप कुकरेती ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा उन्होंने बंसल जैसे बेहतरीन,ईमानदार,कर्तव्य परायण अधिकारी को दून की बागडोर सौंप कर जनांकांक्षाओं का सम्मान किया है,ये नौकरशाही के लिए प्रेरणास्रोत हैं, आमजनमानस जिला प्रशासन के साथ खड़ा है।

# लाचार महिला के लिए फरिश्ता बना जिला प्रशासन

संवाददाता

देहरादून। विधवा क्षमा परवीन को जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर उनका बकाया ऋण वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) के माध्यम से निस्तारित कराते हुए बैंक से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) व नो ड्यूज प्रमाण पत्र जारी कराई गई।

आज यहां जिला प्रशासन द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए असहाय विधवा क्षमा परवीन को बड़ी राहत प्रदान की गई है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर उनका बकाया ऋण वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) के माध्यम से निस्तारित कराते हुए बैंक से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) व नो ड्यूज प्रमाण पत्र जारी कराई गई। सेटलमेंट उपरान्त शेष धनराशि का भुगतान जिला प्रशासन ने बैंक को कर दिया है। क्षमा परवीन 28 मार्च 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी से गुहार लगाई कि उन्होंने वर्ष 2014 में अपनी बड़ी बेटी के विवाह हेतु डीसीबी बैंक से सवा लाख रुपये का ऋण लिया था। उसी वर्ष उनके पति का निधन हो गया, जिससे परिवार पर आर्थिक



संकट गहरा गया। इसके पश्चात वर्ष 2020 में कोविड-19 के दौरान उनकी बड़ी विवाहित बेटी का भी निधन हो गया। लगातार विपरीत परिस्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते उनकी तबियत खराब रहने लगी। वह शेष ऋण का भुगतान करने में असमर्थ रहीं। 1 बेटी खो चुकी, 1 नन्ही नातिन व 3 अविवाहित बेटियों की असहाय विधवा माता क्षमा परवीन का डीएम ने बैंक ऋण माफ करवाते हुए बैंक से नो ड्यूज जारी करवा दिया गया है। विधवा क्षमा का बैंक ऋण वन टाइम सेटलमेंट कराते हुए एनओसी जारी की गई तथा शेष 33 हजार धनराशि भी डीएम ने स्वयं जमा करवाई है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# शैलजा के दौरे का संदेश

उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा 8 अप्रैल यानी कि कल अपने पांच दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। बीते दिनों दिल्ली में 6 लोगों की कांग्रेस में हुई ज्वाइनिंग के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की रामनगर क्षेत्र के नेता संजय नेगी को पार्टी में शामिल न करने को लेकर जो नाराजगी सामने आई है उसके मद्देनजर शैलजा का यह दौरा और भी महत्व का हो गया है और अब सभी की नजरे इस दौरे पर लगी हुई है। कांग्रेस के अंदर मचा यह घमासान वहां तक पहुंच चुका है कि कांग्रेस दो धड़ों में बट चुकी है। हरीश रावत गुट पार्टी पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सामूहिक स्तीफो और 2027 में फिर कांग्रेस की हार की धमकियां दे रहा है। बीते कल प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने एक पत्रकार वार्ता में यह कहा है कि जिसे भी जो कुछ कहना है वह अपनी बात पार्टी फोरम पर रखें साथ ही उनका कहना है कि पार्टी किसी भी पुराने कार्यकर्ता का पूरा सम्मान करेगी किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होगा उन्होंने स्पष्ट किया है कि संजय नेगी का नाम भी पार्टी में शामिल किए जाने वाले नेताओं की सूची में है। इस बीच हरीश रावत को मनाने और समझाने का काम भी किया जा रहा है। यशपाल आर्य का उनके घर जाकर उनसे मिलना और बात करना ऐसा ही प्रयास है। वह उनकी बात मानते हैं या नहीं यह अलग बात है लेकिन एक तरफ हरीश रावत और उनके समर्थक पार्टी पर जो दबाव की राजनीति कर रहे हैं उसे अनुचित ठहराने वाले नेताओं की भी पार्टी में कमी नहीं है तो वहीं दूसरी ओर उनकी उपेक्षा को गलत ठहराने वाले भी बहुत सारे लोग हैं। शैलजा और कांग्रेस हाईकमान की सोच पर ही यह निर्भर करेगा कि वह किसे तरजीह देते हैं। शैलजा की वर्तमान दौरे का जो रूट प्लान तैयार किया गया है उस पर गौर करें तो वह सबसे पहले रुद्रपुर जाएगी जहां से राजकुमार ठुकराल को अभी-अभी पार्टी में शामिल किया गया है। राजकुमार ठुकराल के राजनीतिक प्रभाव को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता है। भाजपा भी उन्हें पार्टी में शामिल करने के प्रयास कर रही थी पिछले चुनाव में वह अकेले अपने दम पर 27 हजार वोट लेने में सफल रहे थे। अब अगर कांग्रेस उन्हें टिकट देती है तो कांग्रेस व उनके अपने प्रभाव वाले वोटो को जोड़ दिया जाए तो उनकी जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। कांग्रेस इस सीट पर कभी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। भाजपा के वर्चस्व वाली इस सीट पर कांग्रेस की मजबूत दावेदारी ठुकराल के कांग्रेस में आने पर बनी है। शैलजा का यहां से दौरा शुरू करना व इसके बाद हल्द्वानी और नैनीताल जाना और कार्यकर्ताओं से मिलने का कार्यक्रम है। इसके बाद वह हरिद्वार, रुड़की जाएगी उनके इस पांच दिवसीय दौरे में उन सभी क्षेत्रों का दौरा शामिल है जिन क्षेत्रों के छह नेताओं को पार्टी में शामिल किया गया है। इस दौरे से वह इस बात को परखेंगी कि उनकी ज्वाइनिंग पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की क्या प्रतिक्रियाएं हैं। इसका सीधा अर्थ है कि कांग्रेस अब किसी नेता विशेष के नाम को नहीं उस पर कितनी आम सहमति है उसकों प्राथमिकता देगी। भले ही हरीश रावत व उनके समर्थकों द्वारा दबाव की राजनीति को प्राथमिकता दी जा रही हो लेकिन पार्टी किसी के दबाव में अपने फैसले नहीं करेगी न अपने फैसले बदलेगी। हरीश रावत हो सकता है कि राजनीतिक अवकाश का सहारा लेते हुए शैलजा से मिलने भी न जाए। शैलजा उनसे मिलने जाएगी यह भी संभव नहीं है। शैलजा के इस दौरे से पूर्व ही जो संकेत मिल रहे हैं वह हरीश रावत के लिए तो अच्छे दिखाई नहीं दे रहे हैं।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हमारे प्रतिनिधि

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में समाजशास्त्र विभागीय परिषद के तत्वाधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विभागीय परिषद की संयोजक डॉ.शिल्पी अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम के विषय प्रवर्तन से हुई। डॉ. शिल्पी अग्रवाल ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने आहार - विहार को लेकर सजग रहें । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजशास्त्र विभाग के डॉ. राजेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते विद्यार्थियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. प्रद्युम्न कुमार रिछारिया ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ आदतों के विकास पर बल दिया ।

भाषण प्रतियोगिता में बी.ए. षष्टम सेमेस्टर के नेपोलियन ने प्रथम, एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर की रश्मि तिवारी ने द्वितीय तथा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# कांग्रेस के दिग्गजों में 'संग्राम'

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। सोशल मीडिया के दौर में अपनी बात जनता के सामने रखने वालों की लिस्ट लंबी होती जा रही है और सभी खुद को सबसे बड़ा बता रहे है। यहां बात हो रही हैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं की। चुनावी साल में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में संग्राम साफ दिख रहा है। सत्ता में वापसी के लिए जहां कांग्रेसियों को एकजुट होना था वहीं कांग्रेसी आपस में ही उलझ रहे हैं। ऐसे में 2027 में सत्ता पर काबिज होने की संभावनाएं भी ध ूमिल होती जा रही है।

बता दें कि 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता में वापसी के दावे कर रही है, लेकिन पार्टी में चुनाव वर्ष के शुरूआत में ही जिस तरह की गुटबाजी व नेताओं में बीच एक-दूसरे के प्रति तीखी बयानबाजी हो रही है। खासकर सोशल मीडिया पर नेता खुद को महान मानने के साथ ही हमने कांग्रेस के लिए यह किया वह किया कहकर कांग्रेस को ही पलीता लगा रहे है। वैसे भी प्रदेश की राजनीति में 2017 और उसके बाद हुए विधानसभा व लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लगातार करारी हार का सामना करना पड़ा। 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता में वापसी के दावे कर रही है, लेकिन पार्टी में चुनाव वर्ष के शुरूआत में ही जिस तरह की गुटबाजी व नेताओं



❑2027 के विस चुनाव में कांग्रेस सत्ता में वापसी का कर रही दावा
❑चुनावी साल में कांग्रेसी एकजुट होने के बजाय आपस में उलझ रहे
❑गुटबाजी और नेताओं में बीच एक-दूसरे के प्रति तीखी बयानबाजी

में बीच एक-दूसरे के प्रति तीखी बयानबाजी हो रही है।

राजनीतिक विश्लेषज्ञों की माने तो कांग्रेस के अंदर वर्तमान में जो द्वंद चल रहा है यह आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए ठीक नहीं है। वैसे कांग्रेस में आपसी लड़ाई कोई नई बात नहीं है, लेकिन जिस प्रकार से कांग्रेस के नेता स्वयं को सर्वोच्च मान रहे है। यह आपसी मतभेद चरम पर रहे हैं और इससे आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की राह में कांटे बिछ सकते है।

कांग्रेस उत्तराखंड में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए लगातार सक्रिय है। पार्टी का मानना है कि अगर सिटिंग विधायकों और स्थानीय प्रभावशाली चेहरों को शामिल किया जाए तो 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सीधा टक्कर दी जा सकती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने स्पष्ट कहा है कि कुल 18 नेताओं में से 6 पहले चरण में शामिल हो चुके हैं, जबकि बाकी 12 नेताओं की सूची हाईकमान को भेज दी गई है।

## हाई कमान करेगा फैसला

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पार्टी में कौन शामिल होगा और कौन नहीं, इसका फैसला हाईकमान लेगा। कांग्रेस भवन में गणेश गोदियाल ने कहा कि पार्टी के किसी भी नेता को सोशल मीडिया में बयानबाजी करने के बजाए पार्टी फोरम पर अपनी बात रखी चाहिए। उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाले 18 लोगों की सूची हाईकमान को दी थी, इसमें स्क्रीनिंग के बाद पहले चरण में छह नेताओं को शामिल किया गया। सभी को बिना किसी शर्त के पार्टी में लिया गया, अन्य नामों पर भी हाईकमान जल्द ही निर्णय लेगा। कांग्रेस की हर महीने प्रभावशाली लोगों को पार्टी में शामिल करने की रणनीति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा से नाराज लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं, जो लगातार संपर्क कर रहे हैं।

# कई नेता लोग समर्थकों संग भाजपा में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चमोली से ब्लाक प्रमुख, सभासदों के अतिरिक्त पूर्व सीएम हरीश रावत के करीबी पूर्व चेयरमैन ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

पार्टी मुख्यालय में तीन शिफ्ट में आयोजित चमोली, देहरादून और हरिद्वार के जवाइनिंग कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी नवागंतुकों का पार्टी का पटका और फूलमाला पहनाकर औपचारिक सदस्यता ग्रहण कराईई। इस अवसर पर पार्टी में शामिल कांग्रेस एवं अन्य दलों के राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सि(ांतों और विचारों में विश्वास जताया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री ध ामी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों और जन कल्याणकारी निर्णयों से प्रदेश की जनता बहुत खुश और प्रभावित है। यही वजह है कि जनता का दबाव, अपने-अपने स्थानीय प्रतिनिधियों एवं राजनैतिक कार्यकर्ताओं को विकास के साथ खड़ा होने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर उन्होंने सकारात्मक और नकारात्मक राजनीति का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा विभिन्न पार्टियों और सामाजिक भूमिका वाले हजारों लोगों को अब तक पार्टी से जोड़ चुकी है। वजह स्पष्ट है कि हम सकारात्मक और देश समाज निर्माण की राजनीति करते हैं। जो हमारे विचारों और सि(ांतों को स्वीकार करता है, पार्टी उसको पूरा-पूरा सम्मान देती है। लेकिन दूसरी तरफ, विशेषकर कांग्रेस को देखें तो मात्र 5-6 लोगों को जोड़ने से ही वो टूटने की कगार में पहुंच गईई है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी विचारविहीन और सि(ांतहीन पार्टी है, लिहाजा व्यक्तिगत स्वार्थ और असुरक्षा की भावना से ग्रसित एक जगह एकत्र लोगों के पास किसी दूसरे के आने की कोई जगह नहीं है।

# कांग्रेस मे मचे घमासान से बेपरवाह भाजपा जनता के प्रति जवाबदेह

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में होने वाले 2027 मे राज्य मे विकास के माडल पर जनता मुहर लगायेगी और उनके नेतृत्व मे राज्य निरंतर विकास के सोपान पर चढ़ेगा यह निश्चित है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा विकास की इबारत लिखने मे जुटी है और वह कांग्रेस मे मचे गुटीय घमासान से बेपरवाह है, क्योंकि भाजपा जनता के प्रति जवाबदेह है। वहीं जनता भी इस बात से भली भाँति वाकिफ है कि आखिरी छोर मे बैठे अंतिम व्यक्ति तक विकास को भाजपा ही पहुंचा सकती है। इसीलिए वह सरकार के नए और ऐतिहासिक निर्णयों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहती है।

चौहान ने कहा कि विगत 9 वर्षों से उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है, जिसमें जनता ने अपने जीवन और आस पास बड़ा बदलाव महसूस किया है। विशेषकर मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में विगत 4 वर्षों में प्रदेश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्रों में नए नए आयाम स्थापित किए हैं। सड़क, बिजली, पानी मूलभूत सुविधा मुहैया कराने में आज हम देश के चुनिंदा शीर्ष राज्यों में शामिल हैं। आधारभूत ढांचागत निर्माण में केंद्र की मदद से चौगुनी गति से काम हुआ है,ईमानदार एवं पारदर्शी तरीके से रोजगार देने और सिस्टम से भ्रष्टाचार को मिटाने में हमारी सरकार सौ फीसदी सफल हुईई है।

चौहान ने कांग्रेस के सत्ता प्राप्ति के ख्वाब पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके सम्मुख अभी लम्बा इंतजार और बेहिसाब चुनौती है, क्योंकि सत्ता का रास्ता जनता देती है और जनमत भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने कांग्रेस की सियासी महाभारत को दुखद बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था मे विपक्ष का जन हित के लिए संघर्ष जरूरी होता है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस मे निजी स्वार्थों की लड़ाई चल रही है उससे जनता के मुद्दे उनके लिए दोयम हो गए हैं।

कांग्रेस का यह आचरण समाज में राजनैतिक गरिमा को गिराने वाला है। जनता कांग्रेस के सभी रंगों से वाकिफ हो गयी है। विकास के विजन को देखते हुए निश्चित रूप से जनता मिशन 2027 मे फिर धामी को आशीर्वाद देने वाली है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण ट्रैकर का बहिष्कार किया

रुड़की(आरएनएस)। रुड़की के नारसन ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए पोषण ट्रैकर पर काम करने से इनकार कर दिया। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने की मांग उठाई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश स्तर पर 14 मार्च 2026 को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर रैली का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन का आरोप है कि प्रशासन द्वारा आंदोलन को रोकने के प्रयास किए गए और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया, जिससे उनमें रोष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से वे मानदेय बढ़ाने, सेवा शर्तों में सुधार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज होकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक निर्णय लिया है। संगठन ब्लॉक अध्यक्ष अंजू पाल ने बताया कि उनकी मांग पूरी न होने तक कार्यकर्ता अपने-अपने केंद्रों पर केवल उपस्थिति दर्ज करेंगी और इसके अलावा कोई भी कार्य नहीं करेंगी। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# नदी में खनन सामग्री उठाने पर ग्रामीणों का हंगामा

रुड़की(आरएनएस)। भगवानपुर के लव्वा गांव में अवैध खनन के विरोध में ग्रामीणों ने हंगामा कर जेसीबी और डंपर रोक दिए। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने खनन कार्य को फिलहाल बंद कराकर जांच शुरू कर दी है। रविवार सुबह क्षेत्र के गांव लव्वा में जेसीबी लगाकर खनन कार्य चल रहा था। इसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर खनन को रुकवाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। साथ ही डंपर और जेसीबी को भी मौके पर ही रोक लिया। सूचना पर पहुंचे मंडावर चौकी प्रभारी आशीष नेगी ने ग्रामीणों से वार्ता की। जिसमें ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि परमिशन के बिना मिट्टी उठाई जा रही है। इस मिट्टी के उठाए जाने से 300 मीटर की दूरी पर बसा गांव भी अब नदी के किनारे आ गया है। इसके साथ ही किसानों के खेतों में भी कटाव होने लगा है। इस दौरान हंगामे की सूचना पर खनन अधिकारी और एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर भगवानपुर विधायक ममता राकेश भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि गांव से सटकर नदी जा रही है। इससे पहले यहां पर वर्ष 2023 में भी पेचिंग कार्य किए गए थे। उप जिला अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि इसके लिए एक टीम गठित की गई है। टीम नाप तोलकर जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करेगी।

# मूलभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता- नरेंद्र नेगी

ऋषिकेश(आरएनएस)। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि नगर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी सुविधाओं को मजबूत किए बिना समग्र विकास संभव नहीं है। रविवार को नगर पालिका परिषद डोईवाला क्षेत्र के वार्ड नंबर 2, 6, 8 और 15 में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग टाइल सड़क का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में लगभग 35 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल सड़क का निर्माण किया गया। इंटरलॉकिंग टाइल से बनी सड़कें टिकाऊ होती हैं और बरसात के मौसम में जलभराव और कीचड़ की समस्या से भी राहत दिलाती हैं, जिससे नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलती है।

# आठ अप्रैल को भाजपा संगठन की कार्यशाला में पहुंचेंगे सीएम

रुद्रपुर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आठ अप्रैल को खटीमा में आयोजित भाजपा संगठन की कार्यशाला में शामिल होंगे। कार्यशाला की तैयारियों को लेकर रविवार को ब्लॉक परिसर में भाजपा संगठन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि आठ अप्रैल को शाम चार बजे आयोजित संगठनात्मक कार्यशाला में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यशाला विधानसभा स्तर की होगी, जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीति पर भी चर्चा होगी। बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, नंदन सिंह खड़ायत, जिला सह प्रभारी हिमांशु बिष्ट, जिला महामंत्री रमेश जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, सतीश गोयल, सतीश भट्ट, भुवन भट्ट, विक्की रस्तोगी, नवीन भट्ट, संतोष जोशी, नीता सक्सेना, विमला मुंडला, भागीरथी खोलिया, हेमा जोशी, रेनू भंडारी, प्रमोद गड़कोटी, रोहित जोशी, गंगा चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेपालीफार्म में निर्माणाधीन पार्क में गाड़ा शहीद पार्क का बोर्ड

ऋषिकेश(आरएनएस)। नेपालीफार्म में निर्माणाधीन पार्क का नाम उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीद पार्क रखने की मांग को लेकर रविवार को महापंचायत हुई, जिसमें ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग जुटे। उन्होंने पार्क में राज्य आंदोलन के दौरान शहीद आंदोलनकारियों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग दोहराई।

इस दौरान निर्माणाधीन पार्क में शहीद पार्क का बोर्ड भी लगाया गया। रविवार सुबह आयोजित महापंचायत में जिला पंचायत सदस्य विनीता रतूड़ी ने कहा कि सरकर को जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने की जरूरत है। राज्य के निर्माण के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की ही प्रतिमा पार्क में स्थापित की जानी चाहिए। कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख बीना चौहान ने कहा कि उत्तराखंड में ही राज्य आंदोलन के शहीदों को उचित स्थान नहीं दिया जाएगा, तो कैसे उम्मीद की जा सकती है कि अन्य राज्यों में स्थानीय लोगों का सम्मान मिलेगा। प्रधान आशीष रांगड़ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के उत्तराखंड के इतिहास को मिटाने का प्रयास कर रही है। केंद्रीय नेताओं को खुश करने के लिए उत्तराखंड के शहीदों का अपमान किया जा रहा है। महापंचायत में दो संकल्प पारित किए गए, जिनमें पहला पार्क का नाम उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीद पार्क रखने और पार्क स्थल पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को अन्यत्र स्थानांतरित करना शामिल है। महापंचायत में सुधीर राय रावत की अगुवाई में निर्माणाधीन पार्क में शहीद पार्क का बोर्ड गाड़ा भी गया। मौके पर खैरीकलां प्रधान शबनम, प्रधान सविता शर्मा, चंद्रकांता बैलवाल, आशीष बिस्ट, अनिल पड़ियार, अनीता खरोला, जगदम्बा रतूड़ी, गोकुल रमोला, धर्मेंद्र बेंदवाल, रवि राणा, सत्ये कपरूवाण, शांति प्रसाद थालियाल, विजपाल जेठूड़ी, सतीश रावत, राजपाल खरोला, जयेंद्र रमोला, भगवती प्रसाद सेमवाल, विजयपाल रावत, कृपाल सिंह सरोज, देव पोखरियाल, लालमणि रतूड़ी, दिनेश चंद्र मास्टर, हिमांशु रावत, जगमोहन, प्रमोद शर्मा, राहुल रावत, गौतम राणा, संजय सिल्सवाल आदि मौजूद रहे।

## खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग लीग के पदक विजेताओं का सम्मान

ऋषिकेश(आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा की ओर से रविवार को चेन्नई में हुई अस्मिता खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग लीग के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। देहरादून रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रेनबुकई कराटे एकेडमी गीता नगर एवं रायवाला की छात्राएं दीया बिष्ट, काजल चौधरी, सलोनी, आरोही को महासभा अध्यक्ष डॉ. राजे सिंह नेगी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र नौटियाल, रेनबुकई एकेडमी के संस्थापक कमल सिंह बिष्ट ने सम्मानित किया।

डॉ. राजे सिंह नेगी ने बताया कि चेन्नई में 25 से 28 मार्च 2026 तक स्पोर्ट्स ऑथारिटी ऑफ इंडिया की ओर से चार दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग लीग का आयोजन किया गया था, जिसमें ऋषिकेश की रेनबुकई कराटे एकेडमी की छात्राएं दीया बिष्ट, काजल चौधरी एवं सलोनी ने कांस्य पदक जीतकर एवं आरोही ने प्रतिभाग कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रेनबुकई एकेडमी के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एवं कोच कमल सिंह बिष्ट ने कहा कि आज के समय में महिलाओं और बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेंस सबसे बड़ा हथियार है। किक बॉक्सिंग न केवल शारीरिक कौशल है, बल्कि यह आत्मविश्वास जगाकर स्वयं की रक्षा करने की शक्ति देता है। इस नेशनल प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 500 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# संस्कृत छात्रों को समाज में बराबरी देने का प्रयास जारी- दीपक गैरोला

ऋषिकेश(आरएनएस)। संस्कृत शिक्षा विभाग के सचिव दीपक कुमार गैरोला ने रविवार को विभिन्न संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण कर वहां की गतिविधियां जानी। उन्होंने विभाग की ओर से संस्कृत छात्रों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। संस्कृत शिक्षा विभाग के सचिव सबसे पहले श्री मुनीश्वर वेदांग संस्कृत विद्यालय पहुंचे और शैक्षिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मायाकुंड स्थित कृष्ण कुंज संस्कृत विद्यालय, श्री भरत संस्कृत विद्यालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में संस्कृत भाषा के लिए राज्य सरकार जहां प्रदेश में तेरह संस्कृत ग्रामों की स्थापना करके गांव-गांव तक संस्कृत बोल चाल की भाषा हो, इस और कदम बढ़ाएं हैं। वहीं संस्कृत पढ़ने वाली बालिकाओं को गार्गी छात्रवृत्ति देकर छात्राओं को भी संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा विभाग संस्कृत विद्यालयों में साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, वेद आदि शास्त्रीय विषयों के साथ-साथ विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे आधुनिक विषयों को भी पाठ्यक्रम में शामिल कर संस्कृत के छात्रों को समाज में बराबरी का दर्जा देना का भी प्रयास किया जा रहा है।

# यमुनोत्री हाईवे के चौड़ीकरण से कई व्यापारी हुए प्रभावित

उत्तरकाशी(आरएनएस)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला कार्यकारिणी की बैठक में व्यापारियों ने यमुनोत्री हाईवे के चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की। व्यापारियों का कहना था कि डामटा से बड़कोट दोबाटा तक किराये की दुकान चलाने वाले दर्जनों व्यापारी हाईवे चौड़ीकरण से बेघर हो गए हैं। इससे उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। रविवार को नौगांव में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कबूल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर डामटा से बड़कोट खरादी तक अतिथि देवो भव की कार्य संस्कृति के तहत प्रत्येक नगर इकाई के पदाधिकारी किसी एक वाहन को रोक कर यात्रियों का माला पहना कर स्वागत करेंगे। साथ ही प्रत्येक व्यापारी के लिए अपने प्रतिष्ठान पर अपना सही नाम पता लिखना अनिवार्य किया गया है। व्यापारियों का कहना था कि फड़ और फेरी का व्यवसाय करने वाले बाहरी लोग गांव में नशे का बीज बो रहे हैं जिन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को पत्र लिखा जाएगा। जिन व्यापारियों का पंजीकरण और लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किया गया वह पूरा कर लें। इस मौके पर प्रदेश मंत्री उपेंद्र असवाल, सुरेंद्र रावत, हरदेव सिंह राणा, तिलक चंद रमोला, लायबर सिंह, नितिन चौहान, विपिन रमोला, धनवीर रावत, चतर सिंह, सुनील भंडारी आदि मौजूद रहे।

# सार्वजनिक शौचालय व्यवस्था को लेकर उठे सवाल, पार्षद ने सुधार की मांग उठाई

अल्मोड़ा(आरएनएस)। नगर क्षेत्र में एक विदेशी महिला को टॉयलेट सुविधा न मिलने से जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस मामले को शहर की छवि से जोड़ने के बजाय मूलभूत सुविधाओं की कमी के रूप में देखने की बात कही जा रही है।

पार्षद वैभव पांडे ने जारी बयान में कहा कि वीडियो बनाने वाले व्यक्ति ने मौके पर महिला की मदद की, जो एक मानवीय पहल थी और इसे राजनीति से जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि होटल या रेस्टोरेंट में टॉयलेट उपलब्ध होने की बात व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि गांवों से आने वाले लोग, महिलाएं और बुजुर्ग संकोच के कारण ऐसी जगहों का उपयोग करने से हिचकते हैं।

उन्होंने डायबिटीज समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके लिए सार्वजनिक शौचालय की उपलब्धता अनिवार्य है। बार-बार टॉयलेट की आवश्यकता होने पर सुविधा का अभाव गंभीर परेशानी पैदा करता है। पार्षद ने कहा कि यदि कोई नागरिक व्यवस्था की कमियों को सामने लाता है, तो उसे राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। समस्याएं उठाना जनमानस का अधिकार है और हर मुद्दे को राजनीति से जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की स्थितियों का हवाला देना समाधान नहीं है, बल्कि वर्तमान में जिम्मेदारी संभाल रहे प्रतिनिधियों को समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नगर में सार्वजनिक शौचालयों के लिए स्पष्ट दिशा सूचक बोर्ड लगाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे बाहरी लोगों और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अब आरोप-प्रत्यारोप के बजाय ठोस कदम उठाने की जरूरत है और नगर में पर्याप्त, स्वच्छ एवं सुलभ सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# चेहरे की झुर्रियों को दूर करता है आलू, जानें कैसे करें इस्तेमाल

आलू की सब्जी खाना अधिकतर लोगों को पसंद होता है और कई लोग आलू के कई पकवान बनाकर खाना पसंद करते हैं। आलू खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, उतना ही पौष्टिक भी होता है। आलू में पाए जाने वाले पोषक तत्व त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं, यही कारण है कि महिलाएं त्वचा के निखार के लिए भी इसका उपयोग करती हैं। आलू चेहरे के निशान मिटाता है, त्वचा के रंग को हल्का करता है, दाग धब्बे मिटाता है, यहां तक कि सनबर्न का भी इलाज करता है। आइए जानते हैं कि आलू का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाए, जिससे त्वचा की समस्याएं दूर करने के साथ ही त्वचा की सुंदरता बढ़ाई जा सके।

चेहरे की झुर्रियां दूर करता है आलू

आलू से चेहरे की झुर्रियां दूर हो जाती हैं। आलू में विटामिन सी काफी मात्रा में पाया जाता है। विटामिन सी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। विटामिन सी कोलाज का निर्माण करने में सहायक होता है, जिससे चेहरे पर झुर्रियां नहीं बनती हैं। आलू में कॉपर और जिंक भी होता है, इससे भी चेहरे की छोटी-छोटी झुर्रियां दूर होती हैं और चेहरे की स्किन सॉफ्ट भी होती है।

चेहरे पर ऐसे लगाएं आलू

चेहरे की झुर्रियों को दूर करने के लिए दो चम्मच आलू का स्टार्च और थोड़ा सा पानी लें। दोनों को मिलाकर पूरे चेहरे पर लगाएं और इसके बाद इसे 20 मिनट तक लगे रहने दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें। रोज ऐसा करने से चेहरे की झुर्रियां कुछ ही दिनों में दूर हो जाएंगी।

हाथों को गोरा और मुलायम बनाता है आलू

हाथों को नरम और गोरा बनाने के लिए भी आलू का हैंड मास्क बना सकते हैं। इसके लिए एक आलू को अच्छे से धोकर पीस लें, फिर इसमें तीन से चार चम्मच दूध डालें। जितना दूध लिया है, उतना ही पानी मिलाएं। फिर इन सबको मिलाकर एक अच्छा पेस्ट तैयार हो जाएगा, इसे हाथों पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इससे हाथों की त्वचा मुलायम होगी।

ऑयली स्किन की समस्या दूर करता है आलू

जिन लोगों की स्किन ऑयली रहती है, उन्हें पिंपल्स होने लगते हैं। स्किन से ऑयल हटाने के लिए एक-चौथाई आलू के रस में एक चौथाई टमाटर का रस मिला लें और इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर अच्छी तरह साफ कर लें। चेहरे से ऑयल हट जाएगा।

बालों के झड़ने की समस्या दूर करता है आलू

आलू का विटामिन सी कोशिकाओं को संगठित व मजबूत करने में मदद करता है। ऐसे में जो लोग बाल झड़ने की समस्या से जूझ रहे हैं, उनके लिए भी आलू काफी लाभदायक होता है। आलू के रस में शहद और अंडे का सफेद हिस्सा मिलाकर बालों की जड़ों में लगाने से बाल झड़ने की समस्या दूर हो जाती है।

# क्यों आती है जूतों से स्मेल और कैसे करें इसे दूर?

गर्मी और बरसात के मौसम में कई लोगों को जूते पहनने पर एक अलग ही समस्या का सामना करना पड़ता है। वह है पैरों से आनेवाली स्मेल। खासतौर पर जब ये लोग अपने जूते उतारते हैं तो जूतों की ये स्मेल मूड खराब कर देती है। आइए, यहां जानते हैं इस बदबू के कारण और इसे दूर करने के तरीके

क्यों आती है पैरों से स्मेल?

-पैरों से स्मेल आने की वजह होती है पैरों में पसेब का आना। आप पसेब को पैरों में होनेवाली स्वेटिंग की तरह समझ सकते हैं लेकिन वास्तव में पसीने और पसेब में टेक्निकल डिफरेंस होता है।

-पसीना हमारे शरीर के उन हिस्सों में आता है जहां स्किन में रोम छिद्र या पोर्स होते हैं, स्किन पर बाल होते हैं। लेकिन पसेब हथेली और तलुओं पर ही आता है और यहां की त्वचा पर रोए या महीन बाल नहीं होते हैं। साथ ही तलुओं और हथेलियों की त्वचा शरीर के बाकी हिस्सों की त्वचा के मुकाबले काफी सख्त और सपाट होती है।

हालांकि कुछ स्थितियों में सामान्य है

-प्राकृतिक तौर पर जो पसीना आता है वो हमें रोम छिद्रों से आता है। जब यह प्राकृतिक कारणों से आता है तो यह सेहत के लिए अच्छा होता है। प्राकृतिक कारणों से मतलब उन स्थितियों से है, जब किसी व्यक्ति को घबराहट, तनाव, बुखार, हाई बीपी जैसी समस्या नहीं होती है। बल्कि गर्मी और उमस के कारण पसीना आता है या एक्सर्साइज और रनिंग के बाद पसीना आता है तो यह सामान्य होता है।

जो लोग सोचते बहुत अधिक हैं लेकिन जितना सोचते और प्लानिंग करते हैं अगर उतना परफॉर्म नहीं कर पाते हैं तब भी वे मानसिक दबाव महसूस करते हैं। यह मानसिक दबाव लगातार बना रहता है तो पैरों से स्मेल आने की समस्या हो सकती है।

क्या है इस समस्या का समाधान?

-आपकी समस्या का कारण मौसम है तो आप इसके लिए पैरों की स्वच्छता पर अधिक ध्यान देना प्रारंभ कर दें। यदि इससे आपको आराम नहीं मिल रहा है तो आप डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार स्ट्रेस, एंग्जाइटी या पेट की कुछ समस्याओं के चलते भी पैरों से तेज स्मेल आने की दिक्कत होती है।

# क्या महिला और पुरुष में अलग-अलग होते हैं हार्ट अटैक के लक्षण?



दुनियाभर में हार्ट की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यह एक जानलेवा बीमारी है। इससे पुरुष और महिलाएं दोनों प्रभावित हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट ने पाया है कि कोरोना के बाद दिल से जुड़ी बीमारियां और भी गंभीर हुई हैं। इसके अलावा फिजिकल एक्टिविटी न होना, खानपान में गड़बड़ी, स्ट्रेस का बढ़ना हार्ट की दिक्कतें बढ़ा सकती हैं। इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि महिलाओं और पुरुषों में इसके लक्षणों में भी अंतर देखा गया है।

कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक ज्यादा खतरनाक और जानलेवा हो सकता है। समय पर इलाज न हो पाना इस खतरे का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। आइए जानते हैं महिलाओं और पुरुषों में हार्ट अटैक के मामले किस तरह अलग हो सकते हैं और इनका क्या इलाज है।।।



पुरुषों-महिलाओं में हार्ट अटैक के अलग-अलग लक्षण

कोलंबिया के जॉन्स हॉपकिन्स में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. लिली बारोच का कहना है कि महिलाओं में हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा होता है। सीने में दर्द-जकड़न और सांस की परेशानी पुरुष और महिलाओं दोनों में देखने को मिलती है। इसके कुछ लक्षण बी अलग-अलग देखने को मिले हैं।

क्या महिलाओं में हार्ट अटैक जानलेवा

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक, हार्ट अटैक के एक साल के अंतर पुरुषों की तुलना में महिलाओं की जान का खतरा ज्यादा रहता है। हार्ट अटैक के कारण अस्पताल में भर्ती 65 साल या उससे ज्यादा उम्र के 50 हजार मरीजों पर अध्ययन करने के बाद इन चीजों को समझा गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, पहले हार्ट अटैक के 5 साल के अंदर मौत, हार्ट फेलियर या स्ट्रो का रिस्क 47व पाया गया है, जबकि पुरुषों में यह करीब 36व तक हो सकता है।

महिलाओं-पुरुषों में हार्ट अटैक के लक्षण

रिसर्चर का मानना है कि महिला और पुरुष में हार्ट अटैक के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। हार्ट अटैक का सबसे सामान्य लक्षण सीने में दर्द है। पुरुषों में यह लक्षण ज्यादा देखने को मिलता है। हार्ट अटैक वाली 50 प्रतिशत महिलाओं में ही यह परेशानी देखी गई है।

पुरुषों में हार्ट अटैक के लक्षण

*सीने में दर्द या बेचैनी

*सांस लेने में दिक्कत

*बाएं हाथ-जबड़े में दर्द

*जी मिचलाना

महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण

*महिलाओं ने पीठ

*गर्दन या जबड़े में दर्द

*सीने में जलन-बेचैनी

*चक्कर आने, जी मिचलाने की समस्या

*सांस लेने में परेशानी और पसीना आने की समस्या।

## शब्द सामर्थ्य -093


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 92 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# दर्शील सफारी की मोहित रैना और प्रिया मणि के साथ नई क्रॉस-बॉर्डर फिल्म में एंट्री

चर्चित अभिनेता दर्शील सफारी ने आधिकारिक तौर पर उस बहुप्रतीक्षित इंटरनेशनल क्रॉस-बॉर्डर फिल्म की कास्ट जॉइन कर ली है, जिसमें मोहित रैना और नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेत्री प्रिया मणि भी नजर आएंगे। इस अभी तक बिना टाइटल वाली फिल्म को मुंबई की एज्योर एंटरटेनमेंट (बदला, केसरी, रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों के निर्माता) और अमेरिका की रेड बाइसन प्रोडक्शन्स मिलकर ग्लोबल को-प्रोडक्शन के रूप में बना रहे हैं। फिल्म की कहानी पहचान, जज्बे और इंसानी रिश्तों की उन डोरियों को तलाशती है जो सरहदों से भी आगे जाती हैं। तारे ज़मीन पर से दुनिया भर में पहचान बनाने वाले दर्शील सफारी इस फिल्म के जरिए एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर वापसी कर रहे हैं। इंडस्ट्री के अंदरूनी लोगों के मुताबिक उनका किरदार उनके करियर का एक नया मोड़ साबित हो सकता है-परतदार, भावनात्मक रूप से जटिल और कहानी के केंद्र में बेहद अहम।

यह फिल्म पहली बार मोहित रैना और प्रिया मणि को एक साथ स्क्रीन पर लाएगी। दोनों कलाकार अपने दमदार अभिनय और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मजबूत मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं। दर्शील के जुड़ने से इस प्रोजेक्ट में अब तीन अलग-अलग अभिनय शैलियों का संगम देखने को मिलेगा-थिएट्रिकल सिनेमा, प्रीमियम स्ट्रीमिंग और इंटरनेशनल स्टोरीटेलिंग का अनोखा मेल।

फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दर्शील का किरदार भारतीय और इंटरनेशनल दुनिया के बीच एक भावनात्मक पुल की तरह काम करेगा, जो कहानी की नैतिक और मनोवैज्ञानिक धुरी को थामे रखेगा। इस फिल्म को एक प्रीमियम इंटरनेशनल रिलीज़ के तौर पर पेश करने की योजना है, जिसके लिए ग्लोबल स्ट्रीमिंग डिस्ट्रीब्यूशन पर काम चल रहा है। कई देशों में शूट होने वाली यह फिल्म भव्य सिनेमाई पैमाने को इंसानी भावनाओं से भरे निजी ड्रामा के साथ जोड़ने की कोशिश करेगी-एक ऐसा अंदाज़ जो आजकल दुनिया भर के दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

फिल्म से जुड़ने पर दर्शील सफारी ने कहा इस कहानी ने मुझे भीतर तक छू लिया। यह हिम्मत, संवेदनशीलता और उन फैसलों की बात करती है जो तय करते हैं कि हम आखिर बनते क्या हैं। मुझे खुशी है कि मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो सरहदों से आगे जाकर इंसानी भावनाओं को छूती है। फिल्म को हर्ष महादेश्वर ने लिखा और निर्देशित किया है। फिलहाल यह प्रोजेक्ट एडवांस प्री-प्रोडक्शन में है और इसकी मुख्य शूटिंग इसी साल के अंत में शुरू होने की योजना है। भारत और अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय टीम इस फिल्म पर काम कर रही है, जिसमें बड़े पैमाने का प्रोडक्शन और ग्लोबल रिलीज़ रणनीति पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

# स्वयंभू में निखिल के किरदार की ताकत है सुंदरावली- नाभा नतेश

भारतीय सिनेमा में इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, लेकिन उनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है स्वयंभू... फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह एक बहादुर योद्धा ने अपनी वीरता से इतिहास की दिशा बदली। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ एक्ट्रेस नाभा नतेश भी मुख्य किरदार में हैं। नाभा ने बताया कि उनका किरदार सुंदरावली निखिल के किरदार का बैकबोन है। नाभा नतेश ने कहा, मेरा किरदार सुंदरावली एक क्लासिकल डांसर है और वह उसी गांव में बड़ी हुई है, जहां निखिल का किरदार रहता है। सुंदरावली निखिल के किरदार को गहराई से समझती है और उसके हर उतार-चढ़ाव को जानती है। उन्होंने आगे कहा, मेरा किरदार इस बात का प्रतीक है कि किसी की सफलता के पीछे हमेशा ऐसे लोग होते हैं, जो बिना दिखाए समर्थन करते हैं। सुंदरावली निखिल के किरदार के सबसे कठिन समय में उसके पास आती है और उसे विश्वास देती है कि वह फिर से उठकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है। यही क्षण कहानी में महत्वपूर्ण मोड़ लाता है और हीरो अपनी मंजिल की ओर बढ़ता है।

फिल्म स्वयंभू को भुवन और श्रीकर ने पिक्सेल स्टूडियो के बैनर तले प्रोडक्शन किया है और इसे टैगोर मधु ने प्रस्तुत किया है। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस में पहले से ही उत्सुकता है। निखिल सिद्धार्थ ने फिल्म के लिए वियतनाम में मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग ली। इतना ही नहीं, उन्होंने तलवारबाजी में इतनी महारत हासिल की कि वे दोनों हाथों से तलवार चला सकते हैं। फिल्म के अन्य कलाकारों को भी तलवारबाजी की ट्रेनिंग दी गई। वियतनाम के एक्सपर्ट्स को लाया गया, ताकि स्टंट और क्लाइमेक्स सीक्वेंस को वास्तविकता के करीब दिखाया जा सके।

इस फिल्म का क्लाइमेक्स हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियोज में ६० दिनों तक शूट किया गया, जिसमें सैकड़ों कलाकार शामिल रहे।

स्वयंभू १० अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन


# डोनल बिष्ट ने गलत सलाह के कारण गंवाया इम्तियाज अली का प्रोजेक्ट!



फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम करना जितना ग्लैमरस दिखता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी होता है। कई बार कलाकारों को लोगों की सलाह पर भरोसा करना महंगा पड़ जाता है। ऐसा ही एक अनुभव अभिनेत्री डोनल बिष्ट ने साझा किया, जिन्होंने बताया कि कैसे गलत मार्गदर्शन की वजह से वह मशहूर निर्देशक इम्तियाज अली के एक बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बन सकीं। डोनल बिष्ट ने बताया कि उन्हें इम्तियाज अली के एक प्रोजेक्ट के लिए फाइनल शॉर्टलिस्ट किया गया था। वह इस प्रोजेक्ट के आखिरी राउंड तक पहुंच चुकी थीं और निर्देशक और उनकी टीम के साथ उनकी मीटिंग भी हो चुकी थी। यह उनके करियर का एक बड़ा मौका था, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित थीं और उन्हें पूरा भरोसा था कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकती हैं। अभिनेत्री ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस मीटिंग के बारे में पता चला, उन्होंने यह खुशखबरी अपने करीबियों के साथ साझा की। इस मौके को लेकर वह बेहद खुश थीं और उन्होंने इसे अपने करियर का टर्निंग पॉइंट मान लिया था। लेकिन यहीं से उनके लिए मुश्किलें शुरू हो गईं, क्योंकि उनके आसपास के लोगों ने उन्हें अलग-अलग तरह की सलाह देना शुरू कर दिया।

डोनल ने कहा, लोगों ने बताया कि मीटिंग में कैसे बात करनी चाहिए, किन बातों को कहना है और किन चीजों से बचना है। मुझे यह भी भरोसा दिलाया गया कि अगर मैं इन सलाहों का मानती हूं, तो यह प्रोजेक्ट निश्चित रूप से मिल जाएगा। शुरुआत में मुझे लगा कि यह सब मेरे भले के लिए कहा जा रहा है, लेकिन बाद में यही सलाह मेरे लिए नुकसानदायक साबित हुई।

उन्होंने बताया, जब मैं मीटिंग में पहुंचीं, तो इन सभी बातों का असर मेरे व्यवहार में साफ नजर आया। मैं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात नहीं रख पाई और कई जगह हिचकिचाती हुई दिखी। मेरे जवाबों में स्पष्टता की कमी थी, जिससे निर्देशक इम्तियाज अली और उनकी टीम को लगा कि मैं खुद ही अपने विचारों को लेकर असमंजस में हूं।

डोनल ने कहा, स्थिति इतनी उलझ गई कि टीम को मेरी हालत को लेकर चिंता होने लगी। बाद में मुझे कास्टिंग टीम और इंडस्ट्री के कुछ लोगों का फोन आया, जिन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं ठीक हूं, क्या मैं किसी मानसिक तनाव में हूं या कोई मुझे गलत दिशा में गाइड कर रहा है। यह मेरे लिए काफी चौंकाने वाला था, क्योंकि मैंने खुद ऐसा कुछ महसूस नहीं किया था।

इस पूरे अनुभव पर बात करते हुए डोनल ने कहा कि उस समय मैं लोगों की नीयत को समझ नहीं पाई। मुझे लगा कि सभी मेरी मदद करना चाहते हैं, लेकिन समय के साथ मुझे एहसास हुआ कि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो आपको आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते।

उन्होंने कहा, ऐसे लोग आपके आसपास रहते हैं, आपका फायदा उठाते हैं और जब उनका काम पूरा हो जाता है, तो आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। यह अनुभव मेरे लिए एक जरूरी सबक साबित हुआ। इस घटना ने मुझे सिखाया कि करियर और जिंदगी से जुड़े फैसले खुद ही लेने चाहिए। खासकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में, जहां हर निर्णय बहुत महत्वपूर्ण होता है, वहां अपने दिल और दिमाग पर भरोसा करना जरूरी है।

# कार्तिक आर्यन ने बायोपिक के लिए कबीर खान से मिलाया हाथ



कार्तिक आर्यन और निर्माता कबीर खान ने फिल्म चंदू चैंपियन (२०२४) के लिए पहला सहयोग किया था। इस स्पोर्ट्स-ड्रामा ने चर्चाएं तो खूब बटोरी थीं, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में नाकामयाब रही। यही कारण है कि कार्तिक और कबीर पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं, और एक नई फिल्म के लिए दोबारा साथ आ रहे हैं। खबर है कि यह आगामी फिल्म खेल-ड्रामा से प्रेरित होगी जिसमें कार्तिक एक कोच की भूमिका में नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता कबीर ने 16 मार्च को परेल के एक रेस्टोरेंट में अपनी अनाम खेल-ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। पहले ही दिन लगभग ७० जूनियर कलाकारों के साथ शूटिंग शेड्यूल पूरा किया गया। बताया जाता है कि फिल्म कश्मीरी किकबॉक्सिंग प्रतिभा तजामुल इस्लाम से प्रेरित होगी। इसमें किकबॉक्सिंग स्टार का किरदार निभाने वाले अभिनेता की पहचान को फिलहाल गुप्त रखा गया है, लेकिन खबरों की मानें तो कार्तिक फिल्म में उनके कोच की भूमिका निभाएंगे।

परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, शुरुआती दृश्यों में कहानी को रोजमर्रा की जिंदगी के छोटे-छोटे पहलुओं से जोड़ा गया है। कार्तिक हफ्ते के आखिर तक शूटिंग में शामिल हो जाएंगे। वह इस भूमिका के लिए किकबॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि मुंबई में करीब 2 हफ्ते शूटिंग करने के बाद निर्माता कश्मीर रवाना होंगे, क्योंकि ताजामुल इस्लाम वहीं से हैं। वह भारत की सबसे कम उम्र में 2 बार की विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियन हैं।

# यमुनोत्री धाम में युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

उत्तरकाशी(आरएनएस)। यमुनोत्री धाम में विभिन्न जिलों से आए युवाओं ने स्थानीय युवाओं के सहयोग से व्यापक सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब 30 क्विंटल कूड़ा एकत्रित किया गया। कूड़ा पिछले दो-तीन वर्षों से धाम व आसपास के क्षेत्रों में जमा था। नमामि यमुने स्वच्छता मिशन के तहत सीएआईएमएस होटल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कोटद्वार से आए दीपक नेगी, अमित खर्ती सहित देहरादून से आए युवाओं ने स्थानीय युवाओं में शामिल अनोज उनियाल, ममलेश, निखिल रावत विक्की, मनीष और जय कृष्णा आदि ने यमुनोत्री धाम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही एकत्रित किए गए कूड़े को खच्चरों कर माध्यम से जानकीचट्टी पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर सरकारी व गैर-सरकारी स्तर पर हर वर्ष सफाई और कूड़ा निस्तारण के नाम पर बजट खर्च किया जाता है। वहीं, जमीनी हकीकत इसके उलट है। धाम क्षेत्र में बीते दो-तीन सालों से कूड़ा जमा हो रहा है। इसमें से कुछ कूड़ा यमुना नदी में बह जाता है और कुछ को जला दिया जाता है। इससे नदी के उद्गम स्थल से ही यमुना के प्रदूषित होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। युवाओं ने प्रशासन से अपील की है कि कूड़ा प्रबंधन के लिए स्थायी और प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए।

# यूकेडी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर जानी समस्याएं

उत्तरकाशी(आरएनएस)। उत्तराखंड क्रांति दल की जनसंवाद यात्रा रवांई घाटी के पुरोला क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंची। कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जल्द ही जिला प्रशासन से मुलाकात करेंगे। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यूकेडी का जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को जनसंवाद यात्रा के दौरान केंद्रीय प्रवक्ता जबर सिंह पावेल, आशीष नेगी समेत पूरी टीम ने नगर पालिका क्षेत्र, मुख्य बाजार पुरोला और विभिन्न गांवों में लोगों से व्यापक संपर्क किया। इसके बाद टीम गुंदियाट गांव पहुंची। वहां उन्होंने महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के साथ बैठक कर प्रदेश और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। रवांई घाटी की दो दिवसीय इस जनसंवाद यात्रा के पुरोला क्षेत्र में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता जबर सिंह पावेल ने विधानसभा पुरोला क्षेत्र में बदहाल सड़कों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त जताई। उन्होंने बताया कि जनसंवाद यात्रा पुरोला के बाद मोरी क्षेत्र के लिए प्रस्थान करेगी। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के अरुण नौटियाल, विधानसभा प्रभारी विकास डिमरी आदि मौजूद रहे।

## सू- दोकू क्र.093

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# गुलदार के हमलों में सात महीनों में दो बच्चियों समेत तीन ने गंवाई जान, छह घायल

कोटद्वार(आरएनएस)।पोखड़ा ब्लॉक में पिछले सात महीनों में जहां चार वर्षीय दो मासूम बच्चियों समेत तीन महिलाओं की मौत हो चुकी है वहीं, चार महिलाओं समेत छह ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। घायलों में एक महिला पिछले चार महीनों से एम्स ऋषिकेश में जिंदगी-मौत से जूझ रही है।

पोखड़ा ब्लॉक में 12 सितंबर, 2025 को रिया (4) पुत्री जितेंद्र रावत, निवासी श्रीकोट, 13 नवंबर, 2025 को रानी देवी (65) पत्नी रमेश कुमार, निवासी बगड़ीगाड़ और दो दिन पूर्व बृहस्पतिवार को ग्राम भतकोट निवासी हरेंद्र सिंह की 4 वर्षीय पुत्री दृष्टि गुलदार के हमले में अपनी जान गंवा चुकी है। पिछले साल 7 सितंबर को बगड़ीगाड़ के ग्राम अलखेतू निवासी सावित्री देवी, 9 अक्तूबर को रविंद्र सिंह (13) पुत्र भरत सिंह, निवासी ड्वीला, 27 अक्टूबर को अनीता देवी (45) पत्नी भगवान सिंह, निवासी दीवान का बूंगा, 15 नवंबर को ग्राम घंडियाल में प्रभा देवी (41) पत्नी नरेंद्र सिंह, 10 दिसंबर को कंचन देवी (36) पत्नी अर्जुन सिंह, निवासी देवराड़ी देवी और 20 मार्च को धस्माणी गांव के सतेंद्र सिंह का 11 वर्षीय बालक दीपक गुलदार के हमले में घायल हो चुके हैं।

इनमें से 10 दिसंबर को घायल कंचन देवी (36) को हंस अस्पताल, सतपुली से एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया था। उनकी आहार नली में गंभीर जख्म हैं, जिसका ऑपरेशन होना है। पिछले चार महीनों से कंचन एम्स अस्पताल, ऋषिकेश में जिंदगी की जंग लड़ रही है। वहीं, गुलदार के ताबड़तोड़ हमलों से पोखड़ा के ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित है। गुलदार के मूवमेंट से बेहद संवेदनशील हो चुके दमदेवल और पोखड़ा रेंज के सर्वाधिक प्रभावित इलाके से पोखड़ा ब्लॉक के आबादी वाले क्षेत्रों में सांझ होते ही ग्रामीण घरों में दुबकने को मजबूर हैं।

## छात्राओं ने नंदा देवी राजजात गीत, राजस्थानी नृत्य की दी प्रस्तुति

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। ब्लॉक अगस्त्यमुनि के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चमस्वाड़ा की स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी। मगर इस बार पहली बार स्कूल के वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वीर सैनिकों की शौर्य दीवार पर पुष्पांजलि के साथ हुई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने नंदा देवी राजजात गीत, राजस्थानी नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता और एकल प्रस्तुतियां दीं। स्कूल प्रबंधन समिति का झुमैलो नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर ग्राम के पूर्व प्रधानों और वर्तमान जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सम्पन्न सिंह नेगी ने विद्यालय के लिए चहारदीवारी निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने और लगभग ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम में कक्षा 5 पास करने वाले 9 छात्र-छात्राओं और पूर्व विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका पूनम भट्ट ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान संपन्न सिंह नेगी, संतोष रावत, त्रिभुवन चौहान, यशवंत सिंह बुटोला, मनोज रावत, दशरथ सिंह, भरत सिंह नेगी, लक्ष्मण बुटोला आदि सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

## चारधाम यात्रा पर रहेगी विशेष नजर : एसएसपी

नई टिहरी(आरएनएस)। जिले की नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने महिला सुरक्षा, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, चारधाम यात्रा की सुचारू व्यवस्थाएं और नशे के खिलाफ प्रभावी अभियान को अपनी प्राथमिकता बताया। रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी चौबे ने कहा कि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जाएगा। महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस रणनीति के तहत कार्य किया जाएगा। चारधाम यात्रा को देखते हुए पुलिस व्यवस्थाओं को पहले से अधिक चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। नशामुक्त टिहरी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ड्रग्स पैडलरों और तस्करी के रूट्स पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। एसएसपी ने पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाने पर भी जोर देते हुए कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। पुलिस और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होगा। साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए गांवों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व एसएसपी ने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## उत्तरी हरिद्वार की सर्विस लेन बनी धूल-धक्कड़ और हादसों का अड्डा

हरिद्वार(आरएनएस)। उत्तरी हरिद्वार के यात्री बाहुल्य क्षेत्र में हाईवे की दोनों सर्विस लेन पर पिछले करीब एक वर्ष से चल रहे सीवर लाइन डालने के कार्य ने स्थानीय लोगों, व्यापारियों और यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सप्तसरोवर मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने के बावजूद सड़क की मरम्मत न होने से जगह-जगह गड्ढे, धंसी सड़क और उड़ती धूल ने हालात बदतर कर दिए हैं। व्यापारी नेता विनोद मिश्रा और आश्रम प्रबंधक सोनू शर्मा ने कहा कि चारधाम यात्रा और वीकेंड के चलते यात्रियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, लेकिन सीवर कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों दोनों को दिक्कत हो रही है। व्यापारी नेता राजीव भट्ट और स्थानीय निवासी भूमेश श्री कुंज ने बताया कि सर्विस लेन के साथ-साथ अंदरूनी सड़कों की हालत भी खराब है। लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन और नमामि गंगे परियोजना से जल्द सड़क दुरुस्त कराने, धूल से राहत दिलाने और कार्य में तेजी लाने की मांग की है।

# टिहरी झील में 20 राज्यों के 500 पुलिस खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

नई टिहरी(आरएनएस)। टिहरी बांध की झील एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर के बड़े खेल आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता के आयोजन के लिए झील को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है।

आठ अप्रैल से शुरू होकर पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में देश के करीब 20 राज्यों से 500 से अधिक पुलिस खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की पहल पर कोटीकॉलोनी में 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर का आयोजन किया जा रहा है। आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट बलविंदर सिंह के अनुसार आठ से 12 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रोईंग, कयाकिंग और कैनोइंग की रोमांचक जल क्रीड़ा मुकाबले आयोजित होंगे। प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमों के साथ-साथ सीआरपीएफ, एसएसबी और आईटीबीपी की टीमें भी भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए देशभर के खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था टिहरी झील क्षेत्र में कराई जा रही है। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सुरक्षा, यातायात, आवास, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर योजना बनाई गई है। ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर का शुभंकर भी जारी कर दिया गया है। टिहरी झील पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जलक्रीड़ा आयोजनों की मेजबानी कर चुका है लेकिन इस बार बड़े स्तर पर पुलिस बलों के खिलाड़ियों की भागीदारी इसे और खास बनाने जा रही है।

# भाजपा ने लिया 27 में हैट्रिक का प्रण

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा परिवार ने 27 में जीत की हैट्रिक के प्रण के साथ अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। कार्यकर्ताओं को बधाईई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिस अत्याचारी और षड्यंत्रकारी विपक्षी माहौल के मध्य भी हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बने हैं, उसके सामने तो आज की झूठ और भ्रम की राजनीति कुछ भी नही है।

पार्टी प्रदेश कार्यालय में हुए मुख्य समारोह में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की उपस्थित में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि पार्टी और देश को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं ने अतुलनीय प्रताड़ना सही हैं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तो कश्मीर को देश से जोड़े रखने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उत्तराखंड में भी बद्रीनाथ, केदारनाथ समेत अनेकों धार्मिक स्थलों का विकास और पुनरो(र भी हमारी राष्ट्रवादी संस्कृति का परिचायक है।

**❑अत्याचारी और षड्यंत्रकारी राजनीति का सामना कर हम बने हैं सबसे बड़ी पार्टी**

**❑वर्तमान झूठ, प्रपंच की राजनीति, पार्टी द्वारा सहे अत्याचारियों के सामने कुछ भी नहीं**

उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तरह की अत्याचारी एवं षड्यंत्रकारी राजनीति का सामना करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, वर्तमान परिस्थितियां तो कुछ भी नहीं हैं। आज विपक्ष लाख झूठ और भ्रम फैलाए, लेकिन भाजपा के संकल्प और समर्पण को तोड़ नहीं सकता है। हम सभी इस स्थापना दिवस में प्रण ले रहे हैं कि अगला स्थापना दिवस 27 के चुनावों में हैट्रिक के साथ मनाएंगे।

# कोतवाल ने करायी हिस्ट्रीशीटरों की परेड

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार, नवनीत सिंह द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशटरों की शिनाख्त हेतू आदेशित किया गया था जिसके क्रम में आज पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी मंगलौर के निर्देशन में कोतवाली भगवानपुर पर प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर रितेश साह द्वारा थाना क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटर की परेड कराई गयी। इस मौके पर सभी हिस्ट्रीशीटरों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि अगर किसी के द्वारा भी किसी भी प्रकार से किसी अपराध को किया गया या किसी अपराध में शामिल होना पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी की गतिविधियो पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।



# अतिक्रमणकरियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चारधाम यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन और सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान के नेतृत्व में आज नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीआर क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान सीसीआर के समीप सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए 50 से अधिक रेहड़ी-ठेली और फड़ हटाए गए। इसके साथ ही रोडीबेलवाला, दीनदयाल पार्किंग से हर की पैड़ी मार्ग तक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें मौके से हटाया गया। प्रशासन की टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में इन स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोबारा अतिक्रमण करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क, पैदल मार्ग और गंगा घाटों पर अतिक्रमण होने से आवागमन बाधित होता है और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है। टीम में उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नवीन चौहान समेत संबंधित अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पोस्टर.. ◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

की पूजा रस्तोगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । पोस्टर प्रतियोगिता में एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के अमनदीप सिंह ने प्रथम तथा बी.ए.षष्टम सेमेस्टर की रंजना रावत ने द्वितीय तथा बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की सर्वजीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के डॉ.प्रद्युम्न कुमार रिछारिया तथा हिंदी विभाग की डॉ.सुमन फुलारा ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में समाजशास्त्र विषय के सालेहा खातून, अनामिका सिंह, ऐश्वर्या, निकिता, सर्वजीत, अंशु, अर्जुन, मनु शर्मा, दीक्षा, रोहन प्रीत और अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के विद्यार्थी कैलाश चौधरी और आरती ने विशेष सहयोग दिया।

# ऑपरेशन प्रहारः 48 वाहन के चालान कर यातायात नियमों के उल्लंघन पर 34 वाहन सीज

संवाददाता



देहरादून। पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार चलाते हुए 48 वाहनों के चालान कर यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वाले 34 वाहनों को सीज किया।

आज यहां मुख्यमंत्री उत्तराखंड के निर्देशों पर अपराधियों के विरूद्ध सम्पूर्ण राज्य में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है, जिसके अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में दून पुलिस द्वारा लगातार सघन चौकिंग अभियान चलाते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

रात्रि में एसएसपी के निर्देशों पर एसपी सिटी के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा संदिग्धों की तलाश हेतु उनके ठिकानों पर औचक छापेमारी की कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण जनपद में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमो द्वारा सभी होटल/बार/पब/ रेस्टोरेंट आदि का औचक निरीक्षण करते हुए मादक पदार्थों/अवैध शराब की तस्करी में लिप्त लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। इस दौरान रायपुर क्षेत्र में 01 रेस्टोरेंट गढवाली फास्ट फूड के संचालक द्वारा लोगों को बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब परोसने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया तथा मौके पर शराब पी रहे 15 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जिनके विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। रात्रि चैकिंग के दौरान थाना नेहरू कालोनी, कोतवाली पटेलनगर तथा कोतवाली ऋषिकेश से कुल 06 लोगों को अवैध मादक पदार्थों (06 किलो से अधिक गांजा, 112 ग्राम अवैध चरस) के साथ तथा नेहरू कालोनी व डोईवाला क्षेत्र से 02 लोगों को 04 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त होंडा अमेज वाहन तथा स्कूटी को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 04 वांछित/वारंटी को पुलिस द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों से छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग कर शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास कर रहे 04 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा प्रेमनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा रात्रि में घूम रहे 937 व्यक्तियों को चेक कर उनसे मौके पर पूछताछ करते हुए 67 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाया गया, जिनसे आवश्यक पूछताछ करते हुए उनके सत्यापन की कार्रवाई की गई। रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्र में कुल 62 संदिग्ध व्यक्तियों के 81 पुलिस एक्ट में चालान कर कुल 19500 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

# पुलिस ने पकड़ी बोलेरो पिकअप से 60 पेटी शराब

टिहरी (संवाददाता)। पुलिस ने बोलरो पिकअप वाहन से पकडी 60 पेटी शराब पकडकर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार तथा जनपद में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों आदि के चेकिंग किए जाने के आदेश निर्देश निर्गत किए गए थे। उपरोक्त आदेश और निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुनि की रेती के नेतृत्व थाना स्तर पर गठन किया गया तथा सभी चौकी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए। चेकिंग अभियान के अंतर्गत ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत थाना मुनि की रेती पुलिस द्वारा गुलर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक बोलेरो पिकअप से चंडीगढ़ मार्का की 60 पेटियां बरामद हुई। उपरोक्त वाहन का चालक सोनू पुत्र नरपाल निवासी ग्राम रसूलपुर भनेडा बिजनौर तथा अन्य निपेंद्र पुत्र लोकेंद्र निवासी ग्राम मेमन पोस्ट ऑफिस बनेड़ा किरतपुर जिला बिजनौर वाहन में सवार था। पूछताछ करने पर यह शराब शिवालिक नगर हरिद्वार से किसी व्यक्ति के माध्यम से श्रीनगर को ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# चारधाम यात्राः तैयारियों की समीक्षा को एसएसपी श्वेता चौबे स्वयं उतरीं मैदान में

संवाददाता




टिहरी। चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए एसएसपी श्रीमती श्वेता चौबे स्वंय मैदान पर उतरी और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां एसएसपी श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा आगामी चार धाम यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत चारधाम यात्रा मार्ग में क्षतिग्रस्त स्थानों जैसे बगड़धार, दुआधार, ताछला व यातायात के दृष्टिगत महत्वपूर्ण स्थानों भद्रकाली, तपोवन, मुनि की रेती का बारीकी से निरीक्षण कर निम्न दिशा निर्देश दिए गए। अन्य संबंधित विभागों पीडब्लूडी बीआरओ, और एनएचएआई से मिलकर बॉटलनेक और लैंडस्लाइडे जैसे बगडधार, दुआधार और ताछला को तुरंत ठीक कराया जाए। संबंधित विभागों से समन्वय कर यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत मार्गों एवम पार्किंग पर पेयजल, उचित लाइट, और स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुरक्षित एवं सुचारू यातायात प्रबंधन हेतु पुलिस और प्त्त्व/भ्वउमहनंतक की अतरिक्त तैनाती की जाए। त्वरित मार्ग को खोलने हेतु भूस्खलन से बंद सड़कों को खोलने के लिए भारी मशीनें (जेसीबी/पोकलेड) तैयार रखी जाएं तथा जेसीबी और पोकलैंड ऑपरेटर के नंबर संबंधित थाने व जनपद के कंट्रोल रूम पर अनिवार्य रूप से रखे जाएं। ब्रह्मानंद मोड़ से तपोवन तक सड़क मार्ग को जल्दी से जल्द ठीक करवा लिया जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ को अलर्ट मोड पर रखा जाए।

यात्रियों की सुविधा हेतु पर्याप्त साइन बोर्ड बैरियर एवं चेतावनी संकेत स्थापित किए जाएं ध्यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना होने दी जाए।

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता:सीएम

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

आज यहां राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकगणों द्वारा अपने क्षेत्र की जिन समस्याओं को उठाया जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। जिन योजनाओं का समाधान शीघ्र हो सकता है, यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें अनावश्यक विलंब न हो। कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जन समस्याओं का समाधान करें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग की समीक्षा के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते



हुए अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। हेली एंबुलेंस की समय पर उपलब्धता और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएं। निर्माण से संबंधित कार्यों में यदि किसी विभाग द्वारा प्रस्ताव किसी अन्य विभाग को हस्तांतरित किया जाना है, तो उसे शीघ्र भेजा जाए। विलंब करने पर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का संबंधित विभागीय सचिव प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित वन विभाग के स्तर पर लंबित प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए।

उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि मानसून से पहले वर्षाकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के संबंध में होटल एसोसिएशन के साथ समय-समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, विधायक थराली भूपाल राम टम्टा, केदारनाथ विधायक श्रीमती आशा नौटियाल, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, सचिन कुर्वे, रविनाथ रमन, एस.एन. पांडेय, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, धीराज गर्ब्याल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# उरेडा की प्रोजेक्ट मैनेजर ने की खुदकुशी

हमारे संवाददाता

देहरादून। उरेडा की प्रोजेक्ट मैनेजर ने ससुरालियों के दहेज उत्पीड़न और पति के तलाक के दबाव से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने पति सहित पांच ससुरालियों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पति सहित 5 पर हत्या का मुकदमा दर्ज

पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार शकुंतला निवासी आइडीपीएल ऋषिकेश ने बताया कि उनकी छोटी बहन राजेश्वरी का विवाह सात दिसंबर 2022 को पीयूष सिंह निवासी आशीर्वाद एन्क्लेव वसंत विहार देहरादून के साथ हुआ। परिवार में उसकी सास आशा रानी, जेठ सत्यप्रिया सिंह, जेठानी अंकिता एवं जेठ का बेटा दैविक हैं। विवाह के बाद से ही वह लगातार बहन राजेश्वरी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। राजेश्वरी का पति उसे पीटता था। शादी के बाद उसके गहने, शैक्षिक अभिलेख, बच्चों को उपहार में मिले कीमती गहने आदि अपने पास रख लिए। पीयूष और उसके परिवार को कई बार समझाया, लेकिन पीयूष सिंह ने उनकी माता एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौज की। आरोपित पीयूष बार-बार भाई सत्य प्रिया सिंह और सास आशा रानी के कहने पर तलाक देने की धमकी देता था, जिसके कारण राजेश्वरी उनकी सारी बातें मानती आ रही थी। पीयूष ने राजेश्वरी व उसके बच्चों को कई बार जान से मारने की धमकी दी। शकुंतला ने बताया कि छोटे भाई की शादी के समय राजेश्वरी ने पति से अपने गहने मांगे, लेकिन उसने गहने देने से मना कर दिया। पीयूष ने कहा कि तलाक देने के बाद ही वह गहने वापस देगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि राजेश्वरी जब पौड़ी में तैनात थी तो बच्चों को मायके ऋषिकेश में रखती थी। राजेश्वरी का तबादला देहरादून हुआ तो आरोपित उसे बहला फुसलाकर अपने साथ घर ले गए। पांच अप्रैल की सुबह ससुरालियों ने उन्हें फोन कर बताया कि राजेश्वरी ने पंखे से लटककर जान दे दी है। सूचना पाकर वह देहरादून पहुंचे और इसकी शिकायत वसंत विहार थाने में दी। थानाध्यक्ष वसंत विहार अशोक राठौर ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपित पति, सास, जेठ-जेठानी व उनके बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सीओ सिटी कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने चारधाम यात्रा में गैस आपूर्ति पर कोताही को पर्यटन के लिए बताया घातक

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने गैस आपूर्ति में कोताही को राज्य के पर्यटन के लिए घातक बताया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से गैस की किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतें सामने आ रही हैं। अगर वास्तव में राज्य के भीतर गैस की किल्लत नहीं है तो सरकार को स्पष्ट स्थिति जनता के समक्ष रखनी चाहिए। गणेश गोदियाल ने कहा कि 19 अप्रैल से राज्य में चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है, जिस प्रकार पूरे देश में गैस की किल्लत बनी हुई है, इसके मद्देनजर केन्द्र सरकार राज्य को यह आश्वस्त करें कि चारधाम यात्रा रूटों पर स्थित ढाबा व होटल संचालकों को गैस की निर्बाध आपूर्ति दी जाएगी। गणेश गोदियाल का कहना है कि जिस तरह गर्मियों के सीजन में उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों पर गैस का उपयोग किया जाता है, उतनी मात्रा में सरकार को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चार धामयात्रा मात्र आस्था का विषय नहीं है बल्कि इससे हजारों लोगों का रोजगार भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में यदि होटल व्यवसाय और अन्य पर्यटन से जुड़े कार्यों के लिए समय पर गैस की आपूर्ति नहीं मिलती है तो ऐसी दशा में इसका व्यापक असर पूरे राज्य के पर्यटन और और चारधाम यात्रा पर पड़ सकता है।

# 21 प्राथमिक विद्यालयों का होगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत 21 और प्राथमिक विद्यालयों के जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण किया जायेगा। इन विद्यालयों के कायाकल्प के लिये विभागीय मंत्री धन सिंह रावत ने 3.52 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी है, साथ ही निर्माण कार्य के लिये कार्यदायी संस्था भी नामित कर दी गई है।

प्रदेश के चार जनपदों पिथौरागढ़, देहरादून, ऊधमसिंह नगर औरा अल्मोड़ा के 21 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प होना हैं। इन सभी विद्यालयों के भवनों के पुनर्निर्माण, छत, फर्श, चाहरदीवारी सहित लघु एवं वृहद मरम्मत कार्य के लिये विभागीय मंत्री ने 3.52 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी है। ऊधमसिंह नगर जनपद के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय चन्देली थारू के लिये 23.44 लाख, महुआखेड़ा के लिये 12.46 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पिथौरागढ़ जनपद में राजकीय प्राथमिक विद्यालय तिलढुकरी के लिये 23.50 लाख, गोलमान 11.50 लाख, बोराबुंगा 28 लाख, कुनिया 15.40 लाख, किम्टा 17.42 लाख, कवाधार 18.26 लाख, ख्वांकोट 13.10 लाख, सूनी 15.20 लाख, कमतोली 17.20 लाख, नारायणनगर 15.80 लाख तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय भड़गांव में विभिन्न मरम्मत कार्यों के लिये 11.10 लाख की धनराशि स्वीकृत की गईई है।

देहरादून जनपद में राजकीय प्राथमिक विद्यालय तुनवाला-2 के लिये 12.97 लाख, आराघर-2 22.52 लाख, नालापानी धोबीघाट 10.05 लाख, जोहड़ी 10.07 लाख, राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय आराघर 33.67 लाख, चांदपुर 10.80 लाख तथा राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय जोहड़ी के लिये 17.08 लाख, जबकि अल्मोड़ा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय लामासिंह में छत, फर्श व चाहरदीवारी एवं अन्य मरम्मत कार्य के लिये 13.23 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन विद्यालयों में निर्माण कार्य के लिये पेयजल निगम, ग्रामीण निर्माण विभाग तथा मण्डी परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त पिथैरागढ़ के डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय बन्दरलीमा के भवन मरम्मत को 16.90 लाख की धनराशि भी स्वीकृत की गई है।

# घरेलू गैस सिलेण्डरों का बैकलाग समाप्त करें कंपनियां: सीएस

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चारधाम यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर राज्य में घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस की आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा के दौरान कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने तेल कंपनियों को निर्देशित किया कि घरेलू गैस आपूर्ति में यदि कोई बैकलाग है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल समाप्त किया जाए और आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाया जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों से फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि सप्लाई बढ़ाकर बाजार में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे अनावश्यक दबाव और पैनिक की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तेल कंपनियों को संचालन में यदि कोई प्रशासनिक या लाजिस्टिक समस्या आ रही हो तो उसका शीघ्र समाधान किया जाए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जनपदों में गैस आपूर्ति की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखें, प्रवर्तन कार्यवाही को बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि कही भी कालाबाजारी या कृत्रिम संकट की स्थिति न बने।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से चारधाम यात्रा एवं पर्यटन गतिविधियों पर आधारित है। प्रतिवर्ष अप्रैल से नवम्बर तक संचालित होने वाली यात्रा अवधि में राज्य में बड़ी संख्या में श्र(ालु एवं पर्यटक आते हैं, जिससे गैस की मांग में उल्लेखनीय वृ( होती है। उन्होंने अवगत कराया कि यात्रा काल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्र(ालु राज्य में निवास करते हैं और जून से सितम्बर के मध्य मानसून अवधि के दौरान अतिवृष्टि जैसी परिस्थितियों में आपदा की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे समय में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एलपीजी गैस एक महत्वपूर्ण ईंधन के रूप में उपयोग में आती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार को एक पत्र प्रेषित किया जा रहा है, जिसमें अनुरोध किया गया है कि माह अप्रैल से नवम्बर तक उत्तराखण्ड को व्यावसायिक एलपीजी का 100 प्रतिशत आवंटन पूर्ववत बनाए रखा जाए। इसके साथ ही, संभावित आपदा स्थितियों में राहत कार्यों के लिए अतिरिक्त 05 प्रतिशत व्यावसायिक गैस आवंटन भी सुनिश्चित किया जाए।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*